पुनरावृत्ति कार्य-पत्र–9

पृष्ठ संख्या–255

बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर–

1. (ग)	2. (क)	3. (ग)	4. (घ)	5. (ख)
6. (क)	7. (ग)	8. (ख)	9. (क)	10. (ग)
11. (क)	12. (ख)	13. (क)	14. (घ)	15. (ख)
16. (क)	17. (ख)	18. (घ)		

पुनरावृत्ति कार्य-पत्र–10

पृष्ठ संख्या–257

उत्तर–

1. **साड़ी :** जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक में, 'लाना' क्रिया के प्रत्यक्ष/मुख्य कर्म का प्रकार्य।
2. **सोना :** जातिवाचक संज्ञा (द्रव्यवाचक), पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक में, 'सस्ता होना' क्रिया के व्याकरणिक कर्ता का प्रकार्य।
3. **उसे :** अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्म कारक में, 'बुलाना' क्रिया के अप्रत्यक्ष कर्म का प्रकार्य।
4. **कुछ :** अनिश्चयवाचक परिणामवाची सर्वनाम, कर्म कारक में, 'देना' क्रिया के प्रत्यक्ष कर्म का प्रकार्य।
5. **अपने-आप :** निजवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक में, 'मैं' सर्वनाम पर बल देने का प्रकार्य।
6. **बड़ा :** गुणवाचक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, 'बेटा' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
7. **आपकी :** सार्वनामिक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'दुकान' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
8. **चलती :** क्रियात्मक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'गाड़ी' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
9. **झुठला रहे हो :** नामिक क्रिया, मुख्य क्रिया अंश–झुठला(ना), सहायक क्रिया अंश–'रहे हो', वर्तमान काल, सातत्यबोधक पक्ष, बहुवचन (प्रयोग के आधार पर एकवचन) मध्यम पुरुष, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।

10. **चल-फिर सकती है :** सामासिक क्रिया, मुख्य क्रिया अंश–चल(ना) –फिर(ना), सहायक क्रिया अंश–'सकती है' सामर्थ्यसूचक वृत्ति, अन्य पुरुष, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।
11. **दौड़कर:** प्रकार्यात्मक क्रियाविशेषण, रीतिवाचक, 'आना' क्रिया के घटित होने की रीतिगत विशेषता बताने का प्रकार्य।
12. **पैदल :** रीतिवाची क्रियाविशेषण, 'जाना' क्रिया की रीति संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।
13. **का :** संबंधबोधक अव्यय, 'अर्णव' तथा 'भाई' संज्ञा पदों के बीच संबंध बताने का प्रकार्य।
14. **या :** समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, दो समानाधिकृत उपवाक्यों के बीच विकल्प दिखाने का प्रकार्य।
15. **छि:! :** विस्मयादिबोधक अव्यय, घृणा का भाव प्रकट करने का प्रकार्य।
16. **तो :** निपात, 'नौकरी' संज्ञा पद पर बल देने का प्रकार्य।